दिन– गुरूवार | दिनांक– 12/02/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। | अवधिः– 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने लोकसभा में अपने भाषण में इस बात का व्यापक विवरण दिया कि इस वर्ष का बजट देश के आर्थिक परिवर्तन में किस प्रकार योगदान देगा। लोकसभा में बजट पर वित्त मंत्री के जवाब का वीडियो सोशल मीडिया पर साझा करते हुए श्री मोदी ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि बजट में रिफॉर्म एक्सप्रेस, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों– एमएसएमई को समर्थन, कौशल विकास, अगली पीढ़ी के बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने और शिक्षा पर जोर दिया गया है।

————————————————————————

केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर सदन में बिना तथ्य या सबूत पेश किए बयान देने का आरोप लगाया है। संसद परिसर में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के खिलाफ विशेषाधिकार प्रस्ताव पर निर्णय संसदीय कार्य मंत्रालय के पास है। उन्होंने कहा कि श्री गांधी सदन के अंदर और बाहर, दोनों जगह अपरिपक्व व्यवहार कर रहे हैं।

————————————————————————

राज्य सरकार ने कहा है कि बिजली बिल बकाये पर चक्रवृद्धि ब्याज की माफी पर विचार किया जायेगा। विधानसभा में एक ध्यानाकर्षण के उत्तर में ऊर्जा मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव ने यह आश्वासन दिया। श्री यादव ने कहा कि सरकार ब्याज माफ करने पर जल्द ही फैसला करेगी। एक प्रश्न के उत्तर में उपमुख्यमंत्री सह राजस्व और भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि सरकार राज्य की असर्वेक्षित भूमि का सर्वेक्षण करायेगी। उन्होंने कहा कि राज्य में जमीन को विवादों से मुक्त कराया जायेगा। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि जो भी अधिकारी गड़बड़ी करेंगे उनके खिलाफ विधि सम्मत कार्रवाई की जायेगी। वहीं, जो अधिकारी अच्छा काम करेंगे उन्हें पुरस्कृत किया जायेगा।

---

उपमुख्यमंत्री सह गृहमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि वर्ष दो हजार चार की तुलना में वर्ष दो हजार चौबीस में संज्ञेय अपराध के मामलों में वृद्धि दर्ज की गई है। विधान परिषद में एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने बताया कि वर्ष दो हजार चार में एक लाख पन्द्रह हजार दो सौ सोलह मामले दर्ज हुए थे जो दो हजार चौबीस में बढ़कर तीन लाख बावन हजार हो गए।

---

ट्रेड यूनियनों के भारत बंद का बिहार में मिला–जुला असर देखने को मिला। पटना, भागलपुर, दरभंगा, कटिहार, बेगूसराय, अरवल और मधेपुरा समेत कई शहरों में बैंक कर्मियों ने सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया। पटना के डाकबंगला चौराहे पर हजारों की संख्या में प्रदर्शनकारी जुटे। आरा–बक्सर सड़क को जामकर प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी की। ट्रेड यूनियनों ने चार नई श्रम संहिताओं को रद्द करने की मांग को लेकर भारत बंद बुलाया था।

---

पटना व्यवहार न्यायलय को आज एक बार फिर बम से उड़ाने की धमकी मिली है। धमकी ईमेल के जरिये दी गई है। कल भी इसी प्रकार की धमकी मिली थी। इधर, एहतियात के तौर पर व्यवहार न्यायालय में सर्च अभियान चलाया गया। साथ ही दोपहर बाद कोर्ट की कार्यवाही शुरू हुई।

---

नियमित वेतन और पेंशन की मांग को लेकर बिहार राज्य संबंद्ध डिग्री महाविद्यालय शिक्षक–शिक्षकेतर कर्मचारी महासंघ ने पटना में धरना प्रदर्शन किया। महासंघ के अध्यक्ष डॉक्टर शंभू प्रसाद सिन्हा ने कहा कि सरकार को उनकी मांगों पर गंभीरतापूर्वक विचार करना चाहिए।

---

उर्दू निदेशालय मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग पटना के तत्वावधान में रजा नकवी वाही स्मृति समारोह और मुशायरा का आयोजन किया गया। मुश्ताक अहमद नुरी और खुर्शीद अकबर ने समारोह की अध्यक्षता की और संचालन फखरूद्दीन आरफी ने की।

---

गयाजी के डोभी चेक पोस्ट पर उत्पाद विभाग की टीम ने मोटरसाइकिल सवार दो युवकों को भारी मात्रा में शराब के साथ गिरफ्तार किया है।

पूर्णियां जिले के मरंगा थाना क्षेत्र में एक ट्रक और कार के बीच हुई टक्कर में एक यूवक की मौत हो गई जबकि एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

---

समाप्त